अब दुकान के सामने होगी भागवत कथा

शराब दुकान हटाने की मांग पर चक्काजाम, विधायक विजय चौरे सहित 17 कांग्रेसियों पर मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

सौसर 4 जून, पीपला नारायणवार में संचालित लाइसेंसी शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा किए गए चक्काजाम आंदोलन के मामले में पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने स्थानीय विधायक विजय चौरे सहित कुल 17 कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है। पीपला पुलिस ने यह कार्रवाई अतुल भोयर की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 126 (2) के तहत की है।

साढ़े तीन घंटे थमे रहे पहिए, वार्ता रही विफल

गौरतलब है कि नगर में स्थित सरकारी शराब दुकान को रहवासी इलाके से हटाने को लेकर कांग्रेस लंबे समय से आंदोलनरत है। इसी सिलसिले में बुधवार को कांग्रेसियों ने पांढुरना सड़क पर उतरकर उग्र चक्काजाम आंदोलन किया। दोपहर करीब 3 बजे शुरू हुआ यह चक्काजाम शाम साढ़े 6 बजे तक चला, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित रहा। आंदोलन को समाप्त कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों, विधायक विजय चौरे और कांग्रेसी नेताओं के बीच लंबी चर्चा हुई, लेकिन यह वार्ता पूरी तरह असफल रही।

दुकान नियमानुसार हो रही है संचालित - आबकारी

विभाग के अधिकारियों का दावा है कि उक्त शराब दुकान पूरी तरह से नियमानुसार संचालित हो रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने %नवभारत% से विशेष चर्चा में बताया जिस जगह यह शराब दुकान संचालित हो रही है, वह मुख्य आवागमन का रास्ता है। वहां से स्कूली छात्र-छात्राओं और महिलाओं का दिनभर आना-जाना लगा रहता है। शराबियों की हरकतों और हुड़दंग के कारण महिलाओं का वहां से निकलना दूभर हो गया है।

?उन्होंने आगे बताया कि इस समस्या अपनी आपत्ति और भावनाओं से अवगत करा दिया था, लेकिन प्रशासन ने इसे पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया।

अब दुकान के सामने होगी भागवत कथा

पुलिसिया कार्रवाई के बाद अब यह मामला आने वाले दिनों में और अधिक तूल पकड़ सकता है। कांग्रेसियों ने पुलिस केस से पीछे हटने से साफ इनकार करते हुए दो टूक कहा है कि जनहित की इस लड़ाई को बंद नहीं किया जाएगा। विरोध के अगले चरण में अब शराब दुकान के ठीक सामने भागवत सप्ताह का आयोजन कर अनोखे ढंग से विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया जाएगा।

जेईई एडवांस में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले छात्र-छात्राओं का बौद्ध समाज ने किया सत्कार

नवभारत न्यूज, सौंसर 4 जून- हालही में आये जेईई एडवांस-2026 के परीक्षा परिणाम में मिडास ताज कोचिंग संस्था के बच्चों ने बेहतर अंक प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस परीक्षा मे उत्कृष्ट परिणाम लानेवाले छात्र-छात्राओं के सामाजिक संस्थाओं ने घर पहुचकर स्वागत सत्कार किया। सुजाता महिला मंडल, बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति, भारतीय बौद्ध महासभा, तथागत धम्मा प्रकल्प समिति जाखिवाडा के पदाधिकारियों ने छात्रा ऐष्वर्या वाहने, सलोनी वाहने, यश ठवरे को उज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुये बधाई दी। अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा जिलाध्यक्ष डॉ अशोक भगत, मुरलीधर कामले, प्रमोद नगरारे, बौद्ध युवक युवती परिचय सम्मलन समिति अध्यक्ष मुकेश बागडे ने सभी बच्चों को बधाई देकर स्वागत सत्कार किया। इस दौरान सुजाता महिला मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रभा ठवरे, अलका बागडे, प्रतिभा गजभिये, माया बागडे, शिल्पा वाहने, सिद्धार्थ सोमकुवर, कैलाश गजभिये, मिलिंद बंसोड, विजय नागदवने, सतीष बंसोड आदि उपस्थित थे।

बैंक से रूपए लेकर घर लौट रहे सेवानिवृत्त कर्मचारी को लूटने का प्रयास करते एक युवक पकडा,दूसरा फरार

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,4 जून, बैंक से रूपए निकालकर घर लौट रहे सेवानिवृत्त कर्मचारी को दो बाइक सवार युवकों द्वारा नगर के रेलवे स्टेशन मार्ग पर लूटने का प्रयास किया,इसी दौरान राहगीरों द्वारा इन युवकों का पीछा कर एक युवक को पकड़ लिया जब कि इसका दूसरा साथी भाग गया,जिसकी पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश कर रहीं है।

नगर के बस स्टैंड के पास स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने में गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे उस समय अफरा- तफरी मच गई जब दो बाइक सवार युवक ने सेवानिवृत्त कर्मचारी अशोक दाड़े को लूटने का प्रयास किया,बताया जा रहा है कि श्री दाड़े आज बैंक से रकम निकालने के बाद वापस घर लौट रहें थे,इसी दौरान दो बाइक सवार युवकों ने इनकी रुपयों से भरी बैंग लूटकर भागने लगे इसी दौरान अशोक दाढ़े द्वारा मदद के लिए पुकारने पर राहगीरों ने इन बाइक सवार लुटेरे युवकों का पीछा कर इनमें से एक युवक को पकड इसकी जमकर धुनाई कर दी,वहीं दूसरा लुटेरा युवक फरार हो गया ।

सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंचे कर्मियों द्वारा इस पकड़े गए युवक को पकड पुलिस थाने ले जाकर इससे पुछताछ कर रहीं है,वहीं पुलिस की अन्य टीमें दूसरे फरार युवक की तलाश में जूट गई है।

मोहगांव में आवारा कुत्तों ने 3 वर्षीय मासूम को पहुचाई चोटे

नवभारत न्यूज

सौंसर 4 जून- नगर में आवारा कुत्तों का बढता आतंक अब मासूम बच्चों की जान के लिये खतरा बनता जारहा है। गुरूवार की सुबह वार्ड 15 में एक दिल दहला देनेवाली घटना सामने आई है। जहा एक आवारा कुत्तें ने आंगन में खेल रहे 3 वर्षीय बालक पर हमला कर उसे मुंह में दबोच लिया और घसीटने लगा। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर दौडे मोहल्लेवासियों ने समय रहते हस्तक्षेप कर मासूम की जान बचाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 15 निवासी विशाल वाडबुदे एवं अन्य रहवासियो ने बताया कि, सुबह 7 बजें मोहल्ले के कई बच्चें घरों के सामने खेल रहे थे। इसी दौरान एक आवारा कुत्ता वहा पहुचा और अचानक जीत पिता चंपालाल धुर्वे को झपट पडा। कुत्ते ने मासूम को मुंह में पकड लिया और घसीटने लगा। अचानक हुये हमले सें आसपास मौजूद बच्चें घबरा गये और जोर-जोर से चिल्लाने लगे। बच्चों की चीखे सुनकर मोहल्लेवासीयों ने कुत्ते को भगाकर बालक को सुरक्षित किया। कुत्ते के हमले से मासूम के शरीर पर कई चोटे आई है। प्रत्यक्षदर्षियों ने जीत को चिकित्सक के पास ले जाकर उपचार किया। नगर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ रही है। वही पालक वर्ग बच्चों को लेकर चिंतित नजर आ रहे है। पार्षद नितीन ढोबले ने नगर परिषद प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकडने और उनके नियंत्रण के लिये विशेष अभियान चलाने की मांग की है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नही उठाये गये तो भविष्य में इससे भी बडी और दुखद घटना हो सकती है।

बाइक चोर युवक को पुलिस ने नागपुर में किया गिरफ्तार

नव भारत न्यूज , पांढुरना,4जून, नगर के वरुड नाके के पास से बाइक चुराकर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से चोरी की बाइक के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लाया । नगर के मध्य से होकर गुजरने वाले पांढुरना अमरावती मार्ग पर वरुड नाके के पास बीते चार दिनों पूर्व श्री बालपांडे की एक युवक बाइक चुराकर फरार हो गया था । पीड़ित की शिकायत पर पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर इस चोर की तलाश में जुट गई, घटनास्थल के आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कमरे की मदद से इस चोर युवक की पहचान होने पर पुलिस ने इस युवक को महाराष्ट्र के नागपुर में इस चोरी की बाइक के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार कर पांढुरना पुलिस थाने ले आई । इस युवक का नाम राहुल ठाकरे 43 वर्ष जो कि बैतूल जिले के सतानेर निवासी तथा वर्तमान में नागपुर में रहना बता रहा हैं,बताया जा रहा हैं कि इस युवक के खिलाफ पहले भी बाइक चोरी के दो प्रकरण दर्ज हैं । पुलिस द्वारा इस बाइक चोरी के मामले में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई ।

पंढरीनाथ पातुरकर का निधन

सौंसर -समीपस्थ ग्राम बिछुआ बग्गु के प्रतिष्ठित पंढरीनाथ पूंजाराम पातुरकर उम्र 83 वर्ष का बुधवार की मध्यरात्री निधन हो गया। जिनकी अंत्यष्टी गुरूवार को स्थानीय मोक्षधाम में नाते रिष्तेदार, व्यवसायी, राजनैतिक दलों के नेताओं के अलावा बडी संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गये।

हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

नवभारत न्यूज

सौंसर 4 जून- न्यायालय अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश सौंसर द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 19/2023 में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को कड़ा दंड दिया है। थाना बिछुआ के अपराध क्रमांक 141/2023 के तहत आरोपी शिवभगत पिता घूड़न इनवाती (उम्र लगभग 55 वर्ष, निवासी ग्राम पाथरी,थाना बिछुआ,जिला छिंदवाड़ा को दोषी पाते हुए धारा-307 भादवि. के अंतर्गत 05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000/- रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड न चुकाने की स्थिति में आरोपी को 03 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

क्या था पूरा मामला

अपर लोक अभियोजक संदीप मेश्राम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, फरियादी विजनलाल और आरोपी शिवभगत पड़ोसी होने के कारण उनके बीच अक्सर छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद होता रहता था, परंतु अमूमन वे इसे आपस में सुलझा लेते थे। इसके बावजूद, आरोपी शिवभगत मन में द्वेष और रंजिश रखता था। उन्होंने बताया कि 27 मई 2023 को दोपहर लगभग 11:30 बजे, जब फरियादी विजनलाल अपने खेत से काम कर वापस लौटा और घर के बाहर आंगन में बैठा था, तभी आरोपी शिवभगत हाथ में कुल्हाड़ी लेकर वहां आ पहुंचाऔर आते ही अश्लील गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की नीयत से आगे बढ़ा। जैसे ही फरियादी पीछे हटा, आरोपी ने कुल्हाड़ी से जोरदार वार कर दिया। कुल्हाड़ी का लोहे का धारदार हिस्सा विजनलाल के सिर के पिछले हिस्से पर लगा, जिससे उसका सिर बुरी तरह फट गया और अत्यधिक खून बहने लगा।फरियादी ने जब खुद को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपी ने कुल्हाड़ी से दोबारा हमला कर उसके दाहिने हाथ की हथेली और दाहिने कंधे पर भी गंभीर चोटें पहुंचाईं। विजनलाल के जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी पत्नी रामाबाई और बेटी प्रियंका घर के अंदर से दौड़कर बाहर आईं और बीच-बचाव करने लगीं। परिजनों को आता देख आरोपी शिवभगत कुल्हाड़ी लेकर मौके से भाग निकला।

उक्त जानलेवा घटना के बाद थाना बिछुआ में आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीकृत किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षक पूर्वा चौरसिया एवं निरीक्षक खेलचंद पटले द्वारा मामले की विस्तृत विवेचना की गई। विवेचना पूर्ण होने के उपरांत पुलिस द्वारा न्यायालय के समक्ष मजबूत अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने अभियोजन के तर्कों और साक्ष्यों से पूर्णत: संतुष्ट होकर आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए कड़े कारावास की सजा सुनाई।

?इस महत्वपूर्ण आपराधिक प्रकरण में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक संदीप मेश्राम द्वारा प्रभावी पैरवी की गई।

अवैध कांलोनी को समतल करने प्रशासन सिर्फ जेसीबी चलाकर कर रहें खानापूर्ति

भू माफियाओं पर प्रशासन मेहरबान ,खुलेआम बेचे जा रहें कृषि भूमि पर प्लाट

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,4 जून, नगर जिला मुख्यालय तथा आसपास के ग्रामों की कृषि भूमि पर भू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी बनाकर खुलेआम प्लाटिंग कर भोले भाले लोगों को लाखों रूपयों में बिना किसी मुलभूत सुविधाओं के प्लाट बेच रहें है,इन भूमाफिया को जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों का कितना संरक्षण प्राप्त है,इस बात का अंदाजा सिर्फ इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ कॉलोनी को अवैध बताकर खानापूर्ति के लिए यदा-कदा जेसीबी चलाकर जमीन को समतल कर देते है,लेकिन आज तक इनमें से किसी भी अवैध कॉलोनी वालों पर पुलिस में एफआईआर कर इन्हें जेल नहीं भेजा गया,जिससे इन भूमाफियाओं के हौसले दिनों-दिन बुलंद होते जा रहें है।

कृषि भूमि पर बिना अनुज्ञा के बना रहीं अवैध कॉलोनी 000

हाला कि पांढुरना जिले के अस्तित्व में आने के पहले भी यहां कुछ कृषि भूमि पर कॉलोनी बनाकर अवैध रूप से प्लांट बेचे जाते रहे है,लेकिन उस समय इन प्लाटों के अधिक भाव नहीं होते थे,लेकिन जिला बनने के बाद यहां पर जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की तैनाती के बावजूद भू माफियाओं की बाढ़ सी आ गई है। इन भूमाफियाओं ने क्षेत्र के भोले भाले किसानों से औने-पौने दामों में इनकी पुश्तैनी कृषि भूमि को क्रय कर इस कृषि भूमि को बिना परिवर्तन किए तथा शासकीय अनुज्ञा पत्र किए बगैर इस कृषि भूमि पर कॉलोनी बनाकर खुलेआम प्लांट बेचे जा रहें है।

एक सैकड़ा से अवैध कॉलोनी 000

पांढुरना नगर जिला मुख्यालय में जिला प्रशासन के आला अधिकारी भी मौजूद है,जो अपने आप को बेदाग साफ सुथरी छवि तथा किसी भी तरह का भ्रष्टाचार नहीं कर जिम्मेदारी से अपना कार्य करने का दावा करते नहीं थकते,लेकिन इसके बावजूद नगर जिला मुख्यालय में ही एक सैकड़ा से अधिक अवैध कॉलोनी है,जहां प्रतिदिन लाखों रुपयों के अवैध प्लाट बेचने का गोरखधंधा खुलेआम हो रहा है ।

नारकीय जीवन जी रहे अवैध कॉलोनी में मकान बनाने वाले

इन अवैध कांलोनियों में प्लांट लेकर मकान बनाने वालों को कोई भी मुलभूत सुविधाए जिसमें सडक़,पानी,बिजली,निस्तार के पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण तक नहीं होने से यहा रहने वाले लोग इन अवैध कांलोनी में नरकीय जीवन जीने को विवश है,यह सब देखने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों के साथ जिला प्रशासन आला अधिकारी भी पुरी तरह चुप्पी साधे हुए है।

भूमाफियाओं पर एफआईआर दर्ज कर कब भेजेंगे जेल ?

इन अवैध कॉलोनी में से यदा-कदा कुछ कॉलोनी में विभाग के कर्मचारियों को पहुंचकर इन कॉलोनियों को अवैध बताकर यहां जेसीबी से समतल कर वापस लौट आते है,लेकिन आज तक इनमें से किसी भी अवैध कॉलोनी के संचालकों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर कर इन भूमाफियाओं तथा भोले भाले लोगों को छूटे आश्वासन देकर प्लांट बेचने वाले दलालों के खिलाफ कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं कि गई।

साफ सुथरी छवि का दावा भी खोखला 000

जब कि इन भूमाफियाओं द्वारा कृषि भूमि के साथ ही स्कूल,कॉलेज,फैक्ट्रियों के आसपास अवैध प्लाटिंग कर इसका खूब प्रचार प्रसार कर प्लांट बेच रहे है,लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों के साथ ही जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की कार्यप्रणाली तथा इनके भष्ट नीतियों को लेकर कई तरह के अटकले लगाई जा रहीं है।

15 वे वित आयोग की राशी से ग्रामों में तेज होगी विकास की रफतार : भूते

जप अध्यक्ष भूते ने सरपंच, सचिवों की संयुक्त बैठक लेकर दिये दिशा-निर्देश

?**नवभारत न्यूज**

सौंसर 4 जून- गुरूवार को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते की अध्यक्षता में सरपंच एवं सचिवों की संयुक्त बैठक लेकर पंचायतों के विकास कार्यो को गति देने के लिये आवष्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में ग्राम पंचायतों को गत दिवस प्राप्त हुई 15 वे वित आयोग की राशी के प्रभावी एवं पारदर्षी उपयोग पर विशेष चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुये जप अध्यक्ष श्री भूते ने कहा कि, 59 ग्राम पंचायतों को हालही में 15 वे वित आयोग की राशी प्राप्त हुई है। पंचायत प्रतिनिधि इस राशी की सुनियोजित कार्ययोजना तैयार करे तथा गांवों में मूलभूत सुविधाओ से जुडे विकास कार्यो को प्राथमिकता देते हुये शीघ्र प्रारंभ करे। उन्होने कहा कि, पेयजल, स्वच्छता, सडक, नाली, प्रकाश व्यवस्था एंव अन्य जनहितकारी कार्यो के माध्यम से ग्रामीणों को सीधे लाभ पहुचाना पंचायतों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। श्री भूते ने सभी सरपंचों एवं सचिवों से विकास कार्यो की गुणवत्ता बनाये रखने, समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा षासन के दिशा निर्देशो का पालन सुनिष्चित करने का आग्रह किया। ग्राम पंचायते ग्रामीण विकास की आधारशिला है और उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग कर गांवो को आदर्श बनाने की दिषा में कार्य करना चाहिये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने पंचायतवार प्राप्त राशी का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। साथही इस निधि के उपयोग संबंधी मापदंडों, शासन की गाइडलाइन तथा वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न पहलूओं पर विसतार से प्रकाश डाला। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव रखे तथा विकास कार्यो को लेकर चर्चा की।

आचरण को शुद्ध बनाकर मावनता की सेवा करना ही सच्ची भक्ति : हभप

कन्हान क्षेत्र के रंगारी सापर में सम्पन्न हुआ श्रीमद भागवत कथा आयोजन

नवभारत न्यूज

सौंसर 4 जून- कन्हान क्षेत्र के रंगारी सापर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में अधिक मास के उपलक्ष्य में श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का गुरूवार को गोपालकाला कीर्तन से समापन हुआ। राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता एवं ग्रंथसेवक आचार्य गुरूवर्य प्रेममुर्ति हभप जगदीशानंद महाराज शास्त्री ने गोपालाकाल कीर्तन में कहा कि, अधिक मास आत्मचिंतन, सत्संग, सेवा और भगवान के नामस्मरण का विशेष अवसर है। उन्होने कहा कि, मनुष्य को अपने जीवन में धर्म, संस्कार और सदाचार को अपनाकर समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना चाहिये। भक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नही है, बल्कि अपने आचरण को शुद्ध बनाकर मानवता की सेवा करना ही सच्ची भक्ति है। उन्होने श्रीकृष्ण एवं संत परंपरा के प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म और संस्कारों के प्रति जागरूक किया। गोपालकाला कीर्तन के पूर्व भव्य पालखी यात्रा निकाली गई। पालखी यात्रा में भगवान के जयघोष, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अवसर पर भागवत महाजन, सरपंच नितेश ठाकरे, गोपाल ठाकरे, योगेश भद्रे, नत्थु मुंगोले, रमेश घोरमारे, व्यंकटी कडु, विष्वनाथ ठाकरे, सुरेश कडु, वामनराव ठाकरे सहित रंगारी, मेहंदी, मोगरा, वैरागढ, सवरनी एवं घोटी के श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत इस बार कामाख्या तीर्थ स्थल का दर्शन कर सकेंगे तिर्थयात्री

नवभारत न्यूज,पांढुरना,4 जून, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा के तहत इस बार जिले के पात्र हितग्राही कामाख्या माता के दर्शन हेतू जा सकेंगे,इसके लिए इच्छुक हितग्राहियों को 27 जून तक अपने-अपने क्षेत्र की नगर पालिका,नगर परिषद या जनपद पंचायत में विधिवत आवेदन करना होंगा। गौरतलब हो कि 60 वर्ष से अधिक आयुवालों को अपने आराध्य भगवानों के तिर्थस्थलों के दर्शन कराने हेतू प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तिर्थदर्शन योजना के तहत उन धार्मिक स्थलों के निःशुल्क दर्शन कराए जाते है। इस बार इस योजा के तहत कामाख्या तिर्थस्थल यात्रा का समावेश है,पांढुरना जिले के जिन भी इच्छुक पात्र हितग्राहियों को इस यात्रा में शमिल होना होंगा उन्हें आगामी 27 जून 2026 तक अपने-अपने क्षेत्र के नगर पालिका,नगर परिषद तथा जनपद पंचायत में विधिवत पंजीयन कराना होंगा।